तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार 28 मार्च 2026

12 रसोई गैस के लिए हाहाकार, सुबह चार बजे से लाइन ...



12 खतौली में हुआ रात्रि ठहराव कार्यक्रम, ग्रामीणों ...



## खबर संक्षेप

### जंगल से पशुओं के अवशेष बरामद

**यमुनानगर।** गांव इब्राहिमपुर जंगल से पशुओं के अवशेष बरामद हुए हैं। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गो रक्षक स्टाफ पुलिस लाइन यमुनानगर में तैनात एसआई सुरेश पाल ने बताया कि 26 मार्च को दोपहर तीन बजे उन्हें सूचना मिली थी कि गांव इब्राहिमपुर जंगल में किसी ने गोवंश का वध किया हुआ है। पशुओं के अवशेष वहीं पर पड़े हैं। टीम के साथ मौके पर पहुंचा। इस दौरान उन्हें जंगल से पशुओं की खाल बरामद हुई है। अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### महिला से चोरी किए 16 हजार नौ सौ रुपये

**यमुनानगर।** शहर के गुरु नानक खालसा कॉलेज के पास हिताची एटीएम पर पैसे निकलवाने गई महिला से अज्ञात ने बहला फुसला कर धोखे से 16 हजार नौ सौ रुपये चोरी कर लिए। घर पहुंचकर जब महिला को पैसे नहीं मिले तो उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### युवक ने शादी का झांसा देकर किया अगवा

**यमुनानगर।** सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र के एक गांव से युवक शादी का झांसा देकर युवती को अगवा कर लिया। पुलिस ने युवती के पिता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके 25 वर्षीय लड़की 25 मार्च को सुबह नौ बजे किसी काम से घर से बाहर गई थी मगर इसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उन्हें अपनी लड़की का कुछ भी पता नहीं चला। जांच के दौरान उन्हें मालूम हुआ कि उसकी लड़की को गांव नाहरपुर निवासी कोनी ढिल्लो शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है।

### बस की टक्कर से हलवाई की मौत

**पानीपत।** पानीपत के गांव भालसी के पास जींद हाईवे पर प्राइवेट बस ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक पेशे से हलवाई जगदीश निवासी गांव धनसौली जिला पानीपत की मौत हो गई। जबकि पीछे बैठे मृतक की बुआ का लडका चांद निवासी गांव अटावला जिला पानीपत बाल बाल बच गया। वहीं, चांद ने बताया कि वह और जगदीश, थर्मल के क्षेत्र में भंडारे का कार्य निपटा कर बाइक पर सवार होकर अपने घरों को लौट रहे थे। दूसरी ओर, थाना मतलौडा पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद जगदीश का शव उसके परिजनों को सौंप दिया और चांद की शिकायत पर बस के अज्ञात चालक पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विवाहिता को बंधक बना गहने व नकदी हड़पी

**पानीपत।** थाना तहसील कैंप पुलिस को शिकायत देकर कीर्ति नामक महिला ने सौतेली मां मधु व बहन प्रियंका निवासवी हरि सिंह चौक और इनके साथी संदीप पर उसे बंधक बना मारपीट कर सोने व चांदी से बने गहने, 53 हजार रुपये की नकदी छीनने की शिकायत दी है। पुलिस की डॉयल -112 मौके पर पहुंची और कीर्ति को तीनों के चुंगल से छुडवाया। वहीं कीर्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि तीनों ने उससे बहका रखा था।

### ससुरालियों पर नशीली दवा देकर मारने का आरोप

**शहजादपुर।** पतरेहड़ी गांव की एक विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और नशीली दवा देकर मारने की साजिश रचने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति, सास-ससुर और ननद पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

## हरियाणा अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में साझा किए अनुभव

# जिंदगी में कोई शॉर्टकट नहीं, संघर्ष और मेहनत से ही मिलती है सफलता : अभिनेता अवतार गिल

■ 350 से अधिक फिल्मों में काम कर बना चुके हैं खास पहचान युवाओं को दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा संस्कृति सोसाइटी फॉर आर्ट एंड कल्चरल डेवलपमेंट, कुरुक्षेत्र के सहयोग से आयोजित 8वें हरियाणा अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के तीसरे दिन दौरान प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता अवतार गिल ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि जीवन में सफलता पाने का कोई शॉर्टकट नहीं होता। निरंतर संघर्ष, कड़ी मेहनत और धैर्य ही व्यक्ति को सफलता के शिखर तक पहुंचाते हैं। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और उसे पाने की सच्ची लगन हो तो कठिन से कठिन रास्ते भी आसान हो जाते हैं। अभिनेता अवतार गिल ने अपने फिल्मी सफर के अनुभवों का जिक्र करते हुए बताया कि उन्होंने अब तक 350 से अधिक फिल्मों में काम किया है। युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला ने बताया कि इस महोत्सव में देश-विदेश की फिल्मों के प्रदर्शन के साथ-साथ फिल्म निर्माण, अभिनय और सिनेमा के विभिन्न पहलुओं पर संवाद एवं चर्चा भी की जा रही है, जिससे विद्यार्थियों को सिनेमा की दुनिया को करीब से समझने का अवसर मिल रहा है। फेस्टिवल निदेशक धर्मेन्द्र डांगी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अभिनेता अवतार गिल से कई प्रश्न भी पूछे, जिनका उन्होंने सहजता से उत्तर देते हुए अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि अभिनय केवल प्रतिभा का नहीं बल्कि अनुशासन, निरंतर अभ्यास और धैर्य का भी क्षेत्र है। इस अवसर पर मंच का संचालन डॉ. आबिद अली ने किया। कार्यक्रम में राजेंद्र वर्मा यश बाबू, प्रो. विवेक चावला, धमेन्द्र डांगी, सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, विद्यार्थी और फिल्म प्रेमी उपस्थित रहे।



कुरुक्षेत्र। फिल्म अभिनेता अवतार गिल को स्मृति चिह्न भेंट करते आयोजक।

### फिल्म उद्योग में पहचान बनाना आसान नहीं

फिल्म उद्योग में अपनी पहचान बनाना आसान नहीं था, लेकिन लगातार मेहनत, सीखने की इच्छा और सकारात्मक सोच ने उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहें और असफलताओं से घबराने के बजाय उन्हें सीख के रूप में लें। फिल्में केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं होतीं, बल्कि समाज को दिशा देने का सशक्त माध्यम भी हैं। सिनेमा के जरिए समाज की वास्तविकताओं, संस्कृति और मूल्यों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जा सकता है।

### अभिनेत्री गुरविंदर गौरी ने समारोह की शोभा बढ़ाई

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा संस्कृति सोसाइटी फॉर आर्ट एंड कल्चरल डेवलपमेंट, कुरुक्षेत्र के सहयोग से 8वें हरियाणा अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के तीसरे दिन फिल्मी जगत की जानी-मानी अभिनेत्री गुरविंदर गौरी ने अपनी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर उन्होंने बातचीत करते हुए अपने अभिनय जीवन के अनुभव, चुनौतियों और भविष्य की योजनाओं को साझा किया। गुरविंदर गौरी ने बताया कि वह पिछले करीब 25 वर्षों से अभिनय के क्षेत्र में सक्रिय हैं। अपने करियर के सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव के बारे में बात करते हुए गुरविंदर गौरी ने लोकप्रिय टीवी सीरियल उड़ारियां का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि इस धारावाहिक में निभाया गया गुरप्रीत का किरदार उनके करियर का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। इस भूमिका ने उन्हें देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी पहचान दिलाई। उन्होंने कहा कि जब वह विदेश जाती हैं तो वहां भी लोग इस किरदार को याद कर उनकी सराहना करते हैं।

---

## अंबाला पुलिस की बड़ी कार्रवाई से नशा तस्कारों में हड़कंप

# 1.5 किलो अफीम के साथ बिहार के दो तस्कर गिरफ्तार

**2026 में अब तक 28 केस दर्ज नशे के खिलाफ अभियान जारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ अपना विशेष अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में सीआईए-2 की टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए बिहार के दो नशा तस्करों को 01 किलो 534 ग्राम अफीम सहित काबू किया है। अपराध नियंत्रण हेतु गश्त के दौरान सीआईए 2 की टीम को नशा तस्करी की सूचना प्राप्त हुई थी। त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम ने नसरौली भड़ोग रोड पर बैठे दो संदिग्धों को दबोचा। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 1 किलो 534 ग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपियों की पहचान जय कुमार और ललन, निवासी जिला सीतामढ़ी (बिहार) के रूप में हुई है। आरोपियों के खिलाफ थाना पंजोखरा साहिब में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी ललन को जेल भेज दिया गया है जबकि मुख्य आरोपी जय कुमार को गहन पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लिया गया है ताकि तस्करी के इस नेटवर्क की जड़ों तक पहुंचा जा सके।



अंबाला। नशा तस्करी में पकड़े गए आरोपी। फोटो : हरिभूमि

### नशे के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस

अंबाला पुलिस ने चालू वर्ष 2026 में अब तक नशे के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की है। इस दौरान कुल 28 मामले दर्ज किए गए हैं। इसमें 48 आरोपी जेल भेजे गए हैं। अब तक पुलिस ने 2 किलो 938 ग्राम अफीम, 137 किलो चूरापोस्त, 6 किलो 844 ग्राम गांजा, 1 किलो 275 ग्राम हेरोइन, 290 नशीली गोलियां, 576 कैप्सूल और 125 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस नशा तस्करों के खिलाफ भविष्य में भी अपना यह अभियान निरंतर और अधिक सख्ती से जारी रखेगी।

### नशीला पदार्थ सप्लाई करने के दो आरोपी काबू, 50 लाख का चूरापोस्त बरामद

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सप्लाई चेन से जुड़े दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने जगत राम उर्फ संजू निवासी बडल और बग्गा राम निवासी लम्बी डोरी, जिला सोलन (हिमाचल प्रदेश) को काबू किया। 19 मार्च 2026 को एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम एनएच-152 पर गांव टबरा के पास गश्त पर मौजूद थी। इसी दौरान सूचना के आधार पर पुलिस ने पहले ही सतपाल निवासी फनार (जिला चंबा) और जीतराम निवासी बडन (जिला सोलन) को जलबेहड़ा के पास से एक कैंटर सहित गिरफ्तार किया था। तलाशी के दौरान कैंटर (एचपी-12-आर-3083) से करीब 6 क्विंटल 92 किलो 907 ग्राम चूरापोस्त बरामद हुआ, जिसकी कीमत लगभग 50 लाख रुपये आंकी गई।

### 9.3 ग्राम हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** थाना शहर पुलिस ने तेजली ग्राउंड के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 9.3 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार शहर थाना में तैनात एएसआई युसूफ अली ने बताया कि वह शाम को टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान उसे सूचना मिली थी कि तेजली स्टेडियम के पास एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है।



हेरोइन के साथ आरोपी।

आरोपी नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 9.3 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। उसने पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान मनीष कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

---



अंबाला। रेलवे स्टेशन पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते एडीसी व एसपी रेलवे।

**बुजुर्गों के लिए निःशुल्क सेवा, सभी तैयारियां पूरी**

## आज दोपहर 2.30 बजे अयोध्या धाम के लिए रवाना होगी ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि 28 मार्च को दोपहर बाद 2.30 बजे अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम के लिए रवाना होने वाली स्पेशल ट्रेन को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम के दृष्टिगत किए जाने वाले कार्यों को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसी कड़ी में अतिरिक्त उपायुक्त व एसपी रेलवे ने शुक्रवार को स्टेशन का दौरा करते हुए तमाम तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त विराट ने रेलवे स्टेशन का दौरा करते हुए प्लेटफार्म नंबर 1 से अयोध्या धाम यात्रा के लिए रवाना होने वाली विशेष ट्रेन के तहत यहां पर जो व्यवस्थाएं की गई हैं उसकी जायजा लिया। यहां पर स्टेज की व्यवस्था के साथ-साथ श्रद्धालुओं के लिए बनाए जाने वाले हेल्प डेस्क की व्यवस्था, ट्रेन की सजावट के साथ-साथ सुरक्षा की दृष्टि से किए जाने वाले प्रबंधों बारे जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर एसपी रेलवे ने भी सुरक्षा की दृष्टि से यहां पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### खाने-पीने की भी निःशुल्क व्यवस्था

इस ट्रेन में 11 कोच होंगे। इनमें से 10 कोच श्रद्धालुओं के लिए तथा एक कोच सर्विंग स्टाफ के लिए रहेगा। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए खाने-पीने की व्यवस्था, श्रद्धालुओं को तीर्थ स्थल तक पहुंचाने के लिए बसों आदि का प्रबंध तथा ठहरने की व्यवस्था भी हरियाणा सरकार द्वारा निःशुल्क की जाएगी। तीर्थ यात्रा योजना मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत, 60 वर्ष से अधिक आयु के हरियाणा के वरिष्ठ नागरिकों, जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपए से कम है को नि: शुल्क पवित्र स्थलों की यात्रा करवाई जाती है।

---

### कुवि में डॉ. हरदीप आनंद, डॉ. दिनेश कुमार और डॉ. दीपक राय बने एकेडमिक काउंसिल के सदस्य



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार विश्वविद्यालय की एकेडमिक काउंसिल के लिए तीन शिक्षकों को सदस्य नामित किया गया है। कैमिस्ट्री विभाग के प्रोफेसर डॉ. हरदीप आनंद, पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. दिनेश कुमार को तत्काल प्रभाव से तथा जूलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. दीपक राय बब्बर को 25 मार्च से विश्वविद्यालय की एकेडमिक काउंसिल का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति दो वर्ष की अवधि के लिए की गई है। इस संबंध में जानकारी विश्वविद्यालय के लोक संपर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने दी। नवनियुक्त सदस्यों ने कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा का आभार व्यक्त किया है।

### कारीगर लाखों के जेवर व नकदी लेकर फरार

**पानीपत।** सुभाष बाजार स्थित श्यामा ज्वेलर्स के संचालक सचिन वर्मा निवासी न्यू जगन्नाथ विहार की दुकान का कारीगर मोइदुल मोलिक करीब 4.85 लाख रुपये कीमत के सोने के जेवर लेकर फरार हो गया। सचिन ने जेवर मरम्मत के लिए कारीगर को दिए थे। मोइदुल मोलिक करनाल निवासी सुरजीत के यहां से करीब 3 लाख रुपये के जेवर और 1.20 लाख रुपये की नगदी तथा मोहम्मद अहसान के 34 ग्राम सोने के जेवर लेकर भी फरार हो चुका है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

## भूमि विवाद में दोहरी हत्या के छह आरोपी काबू

■ खेत में कहासुनी के बाद खूनी संघर्ष में दो लोगों की चली गई थी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

पुलिस करनाल ने थाना घरौंडा क्षेत्र के गांव मुंडोगढ़ी में जमीनी विवाद को लेकर हुए खूनी झगड़े के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई थाना प्रभारी निरीक्षक इंदर सिंह के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मेहताब पुत्र लियाकत, कामिल पुत्र लीला, सद्दाम पुत्र सबीरा, अफसर पुत्र सबीरा, गयूर पुत्र यामीन तथा वाजिद पुत्र याहिद निवासी गांव मुंडोगढ़ी के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि वीरवार दोपहर खेत में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते हिंसक झगड़े में बदल गई। इस दौरान दोनों पक्षों ने लाठी-डंडों, ईंट-पत्थरों और अवैध हथियारों से एक-दूसरे पर हमला कर दिया। इस खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों के दो व्यक्तियों की मौत हो गई। घटनास्थल से सात ट्रैक्टर, एक मोटरसाइकिल, एक जिंदा कारतूस, गड़ासी सहित अन्य सामान बरामद किया गया है।



करनाल। हत्या के आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

---

## यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट का शानदार प्लेसमेंट प्रदर्शन, कुलगुरु ने विभाग को दी बधाई

**गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रैक्टिकल ट्रेनिंग का दिखा असर**

# केयू के यूएसएम के 5 विद्यार्थियों को प्लान रियल्टी में 7.20 लाख पैकेज पर प्लेसमेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (यूएसएम) ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्लेसमेंट प्रदर्शन करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विभाग के पाँच प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन प्रतिष्ठित रियल एस्टेट कंपनी प्लान रियल्टी में 7.20 लाख रपये के आकर्षक वार्षिक पैकेज पर हुआ है। इस उपलब्धि के लिए कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल विद्यार्थियों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे विश्वविद्यालय के लिए भी सम्मानजनक मानी जा रही है। यह सफलता विभाग की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, व्यावहारिक प्रशिक्षण तथा उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किए गए पाठ्यक्रम का प्रत्यक्ष परिणाम है। चयनित विद्यार्थियों में जशनदीप कौर, रीतू शर्मा, कीर्ति सैनी, दीप्ति गुसाईं एवं भूमि जैन शामिल हैं।

## 19 छात्र प्लेसमेंट ड्राइव में शॉर्टलिस्ट

**रादौर।** मुकंदलाल नेशनल कॉलेज में रादौर में शुक्रवार को प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस ड्राइव में गेट गो ट्रिप कंपनी के प्रतिनिधि पहुंचे और उन्होंने विद्यार्थियों का चयन किया। कॉलेज के प्लेसमेंट सेल के इंचार्ज प्रो. आशीष भल्ला मुख्य रूप से मौजूद रहे। उनकी देखरेख में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रो. आशीष भल्ला ने बताया कि इस कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में कुल 47 विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। चयन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं व्यवस्थित तरीके से तीन चरणों में संपन्न किया गया। प्रथम चरण में कंपनी प्रतिनिधियों द्वारा अपनी कंपनी की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके बाद ग्रुप डिस्कशन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की क्षमताए तकनीकी सोचए टीम वर्क का मूल्यांकन किया गया। इस चरण के बाद 19 विद्यार्थियों को शॉर्ट लिस्ट किया गया। अंतिम चरण में चायनित विद्यार्थियों का पर्सनल इंटरव्यू लिया गया। जिसमें से 6 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों तलविंदर कौर, गुरदीप सिंह, कोमल, मनीषा, पलक वर्मा, पूर्वी का चयन किया गया। मौके पर मौजूद कॉलेज की प्राचार्य डॉ. माला शर्मा ने ने विद्यार्थियों को परिश्रम, अनुशासन एवं समर्पण के साथ-साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज के इंटर्नशिप एवं ट्रेंनिंग सेल के इंचार्ज डॉ. महेंद्र सिंह का भी इसमें विशेष योगदान रहा। उनके द्वारा विद्यार्थियों को समय-समय पर परीक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। जिससे उनके प्रदर्शन में सुधार हुआ। कार्यक्रम में डॉ .चा सीकरी, प्रो. पिंकी रानी, प्रो. सिमरन, प्रो. बंटी कुमार, प्रो. जय चंद का विशेष सहयोग रहा।



यमुनानगर। रादौर स्थित मुकंदलाल कॉलेज में खुशी मनाते चयनित विद्यार्थी।

## विदेश भेजने के नाम पर दंपति से हड़पे 4.22 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

विदेश भेजने के नाम पर शहर की आजाद नगर निवासी दंपति से चार लाख 22 हजार रुपये हड़प लिए गए। आरोप सिमरदीप सिद्धू, अनिकेत व अंकित कौशल पर लगा है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर की आजाद नगर गली नंबर दो निवासी मनीष कुमार ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी पत्नी पूजा के साथ रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसे पता चला कि सिमर दीप सिद्धू, अनिकेत व अंकित कौशल लोगों को विदेश भेजने का काम करते हैं। उसने आरोपियों से संपर्क किया। आरोपियों ने उन दोनों को विदेश भेजकर रोजगार दिलवाने का आश्वासन दिया। वह दोनों आरोपियों की बातों में आ गए। इस दौरान आरोपियों ने अप्रैल 2025 को उससे चार लाख 22 हजार रुपये और उनके दस्तावेज के लिए। आरोपियों ने जल्द ही विदेश भेजने का आश्वासन दिया मगर काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों ने उन्हें विदेश नहीं भेजा।

जब उन्होंने आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर जब उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने पैसे देने से मना कर दिया। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

27 करोड़ के लक्ष्य के मुकाबले 29 करोड़ से अधिक की वसूली, मेयर ने जताया आभार

# प्रॉपर्टी टैक्स वसूली में करनाल निगम का नया रिकॉर्ड बना

## मेयर ने कहा कि उपभोक्ता 31 मार्च तक अपने बकाया प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान कर दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल नगर निगम ने वित्तीय वर्ष 2025–26 में प्रॉपर्टी टैक्स वसूली के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए 29 करोड़ रुपये से अधिक की राशि एकत्रित कर ली है। निर्धारित 27 करोड़ रुपये के लक्ष्य को पार करना निगम की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है, जिसे शहरवासियों की सक्रिय भागीदारी और जिम्मेदारी का परिणाम बताया गया है।

इस मौके पर मेयर रेणु बाला गुप्ता ने करनालवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नागरिकों ने उम्मीद से अधिक टैक्स जमा कर एक मिसाल कायम की है। उन्होंने अपील की कि सभी उपभोक्ता 31 मार्च 2026 तक अपने बकाया प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान कर दें, ताकि उन्हें 18 प्रतिशत वार्षिक ब्याज और अन्य पेनल्टी से बचाव मिल सके।

मेयर ने बताया कि कर भुगतान को आसान बनाने के लिए नगर निगम कार्यालय में प्रतिदिन छह काउंटरों पर सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। इसके अलावा उपभोक्ता राज्य सरकार के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भी आसानी से टैक्स जमा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि समय पर भुगतान करने से नागरिक अतिरिक्त आर्थिक बोझ से बच सकते हैं।

मेयर ने यह भी जानकारी दी कि राज्य सरकार द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स बकाया पर ब्याज माफी योजना लागू करने की घोषणा की जा चुकी है और जल्द ही इसका आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी होने की संभावना है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस योजना से हजारों उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। इस जनहितकारी पहल के लिए उन्होंने हरियाणा सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का विशेष आभार जताया।

### बड़े डिफॉल्टरों पर निगम का शिकंजा

**नोटिस जारी, भुगतान न करने पर संपत्ति अटैच करने की तैयारी**

करनाल। नगर निगम ने बकाया वसूली अभियान को तेज करते हुए बड़े डिफॉल्टरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। निगम अधिकारियों के अनुसार बकायेदारों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं और समय पर भुगतान न करने वालों की संपत्तियां अटैच करने की प्रक्रिया भी अमल में लाई जा सकती है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि राजस्व वसूली को लेकर किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी और निर्धारित समयसीमा के भीतर भुगतान सुनिश्चित कराया जाएगा।

### धर्मार्थ संस्थाओं को मिलेगी राहत

**निर्धारित शर्तों पर प्रॉपर्टी टैक्स में छूट का प्रावधान**

करनाल। हरियाणा में लागू प्रावधानों के अनुसार धार्मिक स्थल, धर्मशालाएं, अनाथालय और चैरिटेबल शिक्षण व स्वास्थ्य संस्थानों को निर्धारित शर्तों के तहत प्रॉपर्टी टैक्स में छूट दी जाती है। यदि इन संस्थाओं की संपत्ति का उपयोग पूरी तरह धर्मार्थ कार्यों के लिए किया जा रहा है और उसमें किसी प्रकार की व्यावसायिक गतिविधि शामिल नहीं है, तो उन्हें पूर्ण छूट का लाभ मिलता है। मेयर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि प्रस्तावित ब्याज माफी योजना लागू होने के बाद इन संस्थाओं को भी बड़ी आर्थिक राहत मिलेगी। उन्होंने सरकार की नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि ये कदम समाज के हर वर्ग को लाभ पहुंचाने की दिशा में हैं।

### मेयर की अपील: समय रहते टैक्स जमा कर लें, नहीं तो बढ़ेगा आर्थिक बोझ

करनाल। मेयर ने एक बार फिर नागरिकों से आग्रह किया है कि वे वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पहले अपने सभी बकाया कर का भुगतान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दी जा रही संभावित राहत योजनाओं का लाभ उठाने के लिए समय पर भुगतान जरूरी है, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की आर्थिक या कानूनी परेशानी का सामना न करना पड़े।



करनाल। अष्टमी पर योग कक्षा में कन्या पूजन करते साधक। हरिभूमि फोटो

# शक्ति उपासना के साथ योग और परंपराओं का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नवरात्रि के पावन अवसर पर अष्टमी के दिन योग गुरु दिनेश गुलाटी द्वारा संचालित योग कक्षा में कन्या पूजन का आयोजन किया गया। इस दौरान मां महागौरी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई, जिसमें सभी शिक्षक व साधक श्रद्धापूर्वक शामिल हुए। कक्षा में उपस्थित बच्ची जीशा खुराना की मां के रूप में पूजा कर उनका आशीर्वाद लिया गया। इस अवसर पर दिनेश गुलाटी ने कहा कि नवरात्रि शक्ति की उपासना का प्रतीक पर्व है, जो हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूत बनाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति की पहचान हमारे त्योहारों और रीति-रिवाजों में ही निहित है और इनसे हमें नई ऊर्जा मिलती है। उन्होंने बताया कि योग के माध्यम से जहां स्वास्थ्य लाभ हमारा उद्देश्य है, वहीं बदलते परिवेश में अपनी परंपराओं को जीवित रखना भी आवश्यक है। कार्यक्रम से पूर्व साधकों को सूक्ष्म व्यायाम, विभिन्न योगासन व प्राणायाम का अभ्यास कराया गया।



तरावड़ी। संदीप गुप्ता युवाओं से चर्चा करते हुए। फोटो: हरिभूमि

# समाज हित के मुद्दों पर हुई चर्चा, आर एल फूड के एमडी संदीप गुप्ता ने दिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

आर एल फूड के एमडी संदीप गुप्ता की अध्यक्षता में आज एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें समाज हित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने क्षेत्र के विकास, स्वच्छता व्यवस्था, शिक्षा और सामाजिक जागरूकता जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए।

इस दौरान संदीप गुप्ता ने कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए सभी वर्गों का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने युवाओं को सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया और कहा कि छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव ला सकते हैं।

बैठक में उपस्थित सदस्यों ने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने, जरूरतमंदों की सहायता करने तथा शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि आने वाले समय में विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जोड़ा जाएगा।

इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे और सभी ने समाज के हित में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर मनीष गुप्ता, पुरुषोत्तम शर्मा, संजीव शर्मा, संजू राणा, विनोद शर्मा, नरेश शर्मा उपस्थित थे।

# फायर कर्मचारियों ने हड़ताल का किया ऐलान, 8-9 को चक्का जाम की चेतावनी

**शहीद दमकल कर्मियों को न्याय दिलाने के लिए प्रदेशभर में आंदोलन तेज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल। सेक्टर-4 दमकल केंद्र में हड़ताल को लेकर बैठक करते कर्मचारी।

हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन द्वारा 8 व 9 अप्रैल को राज्य स्तरीय हड़ताल की तैयारी को लेकर प्रदेशभर में पोस्टर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सेक्टर-4 स्थित दमकल केंद्र में कर्मचारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य प्रधान राजेंद्र सिंह, महासचिव गुलशन भारद्वाज व अन्य पदाधिकारियों ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया। सभी कर्मचारियों ने एकजुट होकर हड़ताल में शामिल होने का निर्णय लिया। राज्य प्रधान ने कहा कि फरीदाबाद अग्निकांड में शहीद हुए दमकल कर्मियों भवि चंद्र शर्मा और रणवीर सिंह के मामले में सरकार की चुप्पी दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार यूनियन से बातचीत नहीं कर रही और जानबूझकर हड़ताल की स्थिति बना रही है। यूनियन की मांग है कि शहीदों को शहीद का दर्जा, परिजनों को एक करोड़ रुपये मुआवजा, एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएं। चेतावनी दी गई कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा।

# एक अप्रैल से शुरू होगी गेहूं की खरीद रादौर मंडी में अव्यवस्थाओं की भरमार

रादौर। अनाजमंडी में 1 अप्रैल से गेहूं की खरीद का कार्य शुरू होने जा रहा है। लेकिन मंडी में अव्यवस्थाओं की भरमार है। आलम यह है कि मंडी के गेट नंबर.1 पर बने शौचालय में गंदगी पसरी हुई है। जिससे हर समय वातावरण दूषित रहता है। हर महीने सफाई व्यवस्था पर मार्केट कमेटी की ओर से लाखों रूपये खर्च किए जा रहे है। लेकिन मंडी में बने शौचालयों में पानी की व्यवस्था तक नहीं है। शौचालय में शौच करना तक दुर्भर हो गया है। बार-बार शिकायत करने पर भी शौचालयों की कोई सुध तक नहीं ली जा रही है। मामले को लेकर समाजसेवी डॉ. लाभ सिंह नाचरौन की ओर से मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की गई है। उन्होंने बताया कि मंडी में 1 अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू की जा रही है। लेकिन मंडी के शौचालयों में गंदगी पसरी हुई है। मार्केट कमेटी के चेयरमैन रूपेंद्र मल्ली ने बताया कि मंडी में सफाई व्यवस्था को लेकर कड़े प्रबंध किए गए है। यदि कोई कमी होगी तो उसे दूर करवा दिया जाएगा।



करनाल। नगराधीश मोनिका शर्मा द्वारा गीता जयंती में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करती हुई। फोटो : हरिभूमि

### उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थी सम्मानित

- नगराधीश मोनिका शर्मा ने छात्रों की प्रतिभा की सराहना कर किया उत्साहवर्धन

करनाल। नगराधीश मोनिका शर्मा ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों और स्टाफ को सम्मानित किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि गीता जयंती जैसे आयोजनों से हमारी सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा मिलता है और युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट मंच मिलता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को यादगार बना दिया। नगराधीश ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भाग लेना व्यक्तित्व विकास के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने भविष्य में भी इसी उत्साह और ऊर्जा के साथ ऐसे आयोजनों में भाग लेने का आह्वान किया।

# लाइब्रेरी एसोसिएशन कार्यकारणी में संदीप लोहट को बनाया प्रदेश सचिव

- लाइब्रेरियनों की मांगों को लेकर विधायकों को सौंपा जाएगा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

हरियाणा लाइब्रेरी एसोसिएशन कार्यकारणी की एक वर्चुअल मीटिंग हुई। इसमें लाइब्रेरी एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव डॉ.अजय अरोड़ा ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए एसोसिएशन का एजेंडा सभी पदाधिकारियों व कार्यकारणी सदस्यों को पढ़ कर सुनाया जिसमें एचएलए के जिला समन्वयक व स्वामी भीष्म लाइब्रेरी घरौंडा के लाइब्रेरियन संदीप लोहट व आरकेएसडी कॉलेज पुण्डरी के लाइब्रेरियन डॉ नरेश कुमार को प्रदेश सचिव बनाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया गया। नवनियुक्त प्रदेश सचिव संदीप लोहट ने प्रदेश प्रधान रूपेश गोड व सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया और विश्वास दिलाया कि ईमानदारी से काम करेंगे करनाल जिला ने पहले भी बेरोजगारी की मार झेल रहे लाइब्रेरी के मुद्दों को भी प्रमुखता से रखा गया। वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से लाइब्रेरियनों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने पर भी चर्चा की गई। एसोसिएशन ने कहा कि अपनी मांगों को लेकर सभी विधायकों को ज्ञापन देने की प्रक्रिया जल्द ही दोबारा से शुरू की जाएगी।

शुक्रवार को हरियाणा लाइब्रेरी एसोसिएशन द्वारा वर्चुअल मीटिंग का आयोजन किया गया। घरौंडा लाइब्रेरी से मीटिंग में जुड़े संदीप लोहट ने बेरोजगारी के मार झेल रहे लाइब्रेरियनों के मुद्दों को उठाया। मीटिंग की अध्यक्षता कर रहे एसोसिएशन के प्रदेश प्रधान रुपेश गौढ़ ने लाइब्रेरियनों के विचार को सुना और कहा कि करीब पांच दशकों से लाइब्रेरियनों की अनदेखी होती आई है। सरकार कई सालों से आधुनिक पुस्तकालय स्थापित करने की बात करती रही है, लेकिन स्कूल व कॉलेजों की लाइब्रेरियों में रिक्त पदों की भर्ती को लेकर कोई रूचि नहीं दिखाई। साढ़े चार दशक से लाइब्रेरियन की पोस्ट खाली पड़ी है। जिला लाइब्रेरी एसो. ने फैसला लिया कि प्रदेश की सभी विधानसभा के विधायकों को प्रदेश मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। सीबीएसई व केंद्रीय विद्यालयों की तर्ज पर हरियाणा के सरकारी स्कूलों की लाइब्रेरियों में स्टाफ नियुक्त करने की मांग की जाएगी।

**इन्होंने दिए सुझाव**

मीटिंग में डॉ दीपक, डॉ पवन,नरेश कुमार, ओमपाल,सिमरजीत,डॉ कैलाश चौहान, अंजु डॉ राजेन्द्र कौर, डॉ सुभाष,लखपत सिंह आदि कार्यकारणी पदाधिकारियों ने अपने सुझाव दिए।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

यमुनानगर। व्यासपुर थाना क्षेत्र में युवक ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म किया। बाद में आरोपी ने युवती को शादी करने से मना कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। व्यासपुर थाना क्षेत्र निवासी 28 वर्षीय युवती ने महिला पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी करण नामक युवक के साथ जान पहचान थी। आरोपी ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और उससे शादी करने के लिए बोलने लगा।

29 दिसंबर 2025 को आरोपी ने उसे मिलने के लिए बुलाया। जब वह आरोपी से मिलने के लिए गई तो आरोपी उसे एक होटल में ले गया। जहां आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने बताया कि इसके बाद भी आरोपी उसे शादी का झांसा देकर गलत काम करता रहा। बाद में आरोपी ने उसे शादी करने से मना कर दिया।

# 14 वर्षीय छात्रा से छेड़छाड़ और मारपीट, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिले के सदर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक कॉलोनी में 14 वर्षीय नाबालिग छात्रा के साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक युवक पिछले कई महीनों से छात्रा का पीछा कर उसे परेशान कर रहा था। हाल ही में आरोपी ने अपने एक साथी के साथ मिलकर छात्रा को एक सुनसान मकान में ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती की और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**सुनसान मकान में ले जाकर की जबरदस्ती**

शिकायत के अनुसार, वारदात वाले दिन दोपहर करीब 3 बजे छात्रा सामान लेने के लिए करियाना की दुकान पर गई थी। वहां आरोपी युवक अपने एक दोस्त के साथ मौजूद था। आरोपियों ने छात्रा को बहला-फुसलाकर कॉलोनी के ही एक सुनसान मकान में ले गए। वहां मुख्य आरोपी ने छात्रा के साथ जबरदस्ती और अनुचित हरकतें कीं। जब छात्रा ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और धमकी दी कि यदि उसने इस बारे में किसी को बताया तो वे उसे जान से मार देंगे।

**महीनों से कर रहा था पीछा**

नाबालिग छात्रा की मां द्वारा सदर थाना पुलिस को दी गई शिकायत में बताया गया कि उनकी 14 वर्षीय बेटी 9वीं कक्षा में पढ़ती है। पड़ोस में ही रहने वाला एक युवक पिछले कई महीनों से स्कूल के बाहर और रास्ते में उनकी बेटी का पीछा करता था। आरोपी अक्सर छात्रा के साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें करता था, जिससे छात्रा काफी डरी हुई थी।

# महिला महाविद्यालय में रक्तदान शिविर, 29 यूनिट रक्त एकत्रित




हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- छात्राओं व प्राध्यापिकाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

कुमारी विद्यावती आनंद महिला महाविद्यालय में प्राचार्या मीनू शर्मा के मार्गदर्शन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी करनाल शाखा व नेशनल सोशल ऑर्गनाइजेशन के सहयोग से आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में प्रदीप मेहला, अशोक भार्गव, एएसआई अजय कुमार, रवि हांडा व समाजसेवी अंजू विशेष रूप से उपस्थित रहे। महाविद्यालय की प्राध्यापिकाओं ने अतिथियों का पौधा भेंट कर स्वागत किया।

छात्राओं व शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 29 यूनिट रक्तदान किया। आयोजकों ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे जरूरतमंदों को जीवनदान मिलता है।

4.68 करोड़ रुपये की लागत से कई क्षेत्रों में चल रहा कार्य

# करनाल शहर में बदली जाएंगी पुरानी पाइप लाइनें, जलापूर्ति व्यवस्था होगी दुरुस्त

- संधू कॉलोनी में बनाया जाएगा नया नलकूप और पंप चैम्बर, गंदे पानी की समस्या से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नगर निगम करनाल द्वारा शहर में जलापूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पुरानी एवं क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों को बदलने का कार्य शुरू किया गया है। इस पर लगभग 4 करोड़ 68 लाख 99 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे।

नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि शिव कॉलोनी व शमशाद भाग में कार्य पूरा हो चुका है, जबकि आजाद नगर क्षेत्र में काम प्रगति पर है। विभिन्न क्षेत्रों में 3, 4 और 6 इंच की डीआई पाइप लाइनें डाली जा रही हैं।

संधू कॉलोनी में नया नलकूप और पंप चैम्बर भी बनाया जाएगा, जिससे जलापूर्ति और मजबूत होगी। कार्य पूरा होने के बाद लोगों को स्वच्छ व पर्याप्त पानी मिलेगा और गंदे पानी की समस्या से राहत मिलेगी।

उन्होंने नागरिकों से अपील की कि अवैध कनेक्शन न लें और जल संरक्षण को अपनाएं।



करनाल। जलापूर्ति सुधार के लिए बदली जा रही पाइप लाइन का कार्य। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### नशे के विरुद्ध लोगों को जागरूक किया

**पानीपत।** पानीपत पुलिस जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में जागरूकता अभियान चलाए हुए है। इसी कड़ी में शुक्रवार को जिला पुलिस की नशा मुक्त अभियान की टीम ने राजाखेड़ी गांव में डोर टू डोर जाकर ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। वहीं, पुलिस टीम ने इस दौरान गांव के घर घर जाकर लोगों से सीधा संवाद स्थापित किया और उन्हें बताया कि नशा केवल एक व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। इसके मद्देनजर मादक पदार्थों से दूर रहे।

### ग्रीन स्किल्स का ज्ञान लिया

**पानीपत।** चौधरी देवीलाल मेमोरियल कन्या पीजी महाविद्यालय गांव सिवाह में आत्मनिर्भर भारत व एनएसएस के तत्वावधान में वातावरण संरक्षण से संबंधित वक्तव्य का आयोजन किया गया। इस वक्तव्य के दौरान छात्राओं को अमन मैनेजर लर्निंग लिंक्स फाउंडेशन द्वारा ग्रीन स्किल्स के बारे में अवगत करवाया गया। वहीं, छात्राओं को ऑनलाइन सर्टिफिकेट दिए गए। इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉ. सुमन लता, प्रो. उर्मिला, प्रो. रेनु, प्रो जागृति, प्रो नीति, प्रो मनीषा, प्रो नीतू आदि उपस्थित रहे।

### आईबी कॉलेज में व्याख्यान हुआ

**पानीपत।** आईबी कॉलेज के बौद्धिक संपदा अधिकार प्रकोष्ठ एवं अर्थशास्त्र विभाग द्वारा संयुक्त रूप से "बौद्धिक संपदा अधिकारों का संरक्षण एवं व्यावसायिक उपयोग" विषय पर व्याख्यान हुआ। वहीं, मुख्य वक्ता के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के रामजस महाविद्यालय से डॉ. सुमनजीत सिंह ने मार्ग दर्शन किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह, डॉ. किरण मदान, डॉ. पूनम मदान, प्रो.अजय पाल, कनक शर्मा, डॉ. निधि मल्होत्रा, प्रो. हिमांशी, डॉ. नीलम, प्रो. पवन कुमार, डॉ.विक्रम कुमार, प्रो. अजय पाल, डॉ.राजेश कुमार, डॉ.शर्मिला यादव, डॉ. जोगेश, प्रो.खुशबू, डॉ. नेहा पुनिया, प्रो.अश्विनी गुप्ता, मनीत, सुखजिंदर, डॉ.पूजा मलिक, राहुल कुमार, रेखा मलिक, निशा गोयल, कुलदीप शर्मा, रूबी, अन्नू बेनीवाल नीतू आदि उपस्थित रहे।

### श्याम वंदना उत्सव पांच अप्रैल को

**पानीपत।** श्याम रस सेवा समिति द्वारा पांच अप्रैल को आयोजित श्री श्याम प्रभु के पंचम श्री श्याम वंदना महोत्सव की तैयारियां जोर शोर से शुरू हो गई हैं। इसी क्रम में आज श्री देवी मंदिर परिसर में विधिवत भूमि पूजन कर कार्यक्रम स्थल पर पंडाल निर्माण का शुभारंभ किया गया। भूमि पूजन समाजसेवी जगदीश जैन द्वारा कराया गया। समिति के प्रमुख सदस्य अमित राज गुप्ता ने बताया कि महोत्सव के दौरान भव्य संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा।

### रामनवमी पर यज्ञ का आयोजन किया

**पानीपत।** पानीपत के मॉडल टाउन स्थित गणेश मंदिर में रामनवमी पर यज्ञ का आयोजन किया। वहीं, मंदिर प्रबंधन समिति के प्रधान बलदेव गांधी, महासचिव हरीश बंसल सहित अन्य पदाधिकारियों ने हवन में एकता और शांति के लिए आहुति दी। पंडित विवेक शास्त्री ने रामनवमी के बारे भक्तों को विस्तार से बताया। मंगल आरती के बाद भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर प्रधान बलदेव गांधी, महासचिव हरीश बंसल, नरेश, राजेश गर्ग, आशा ठकराल, आशु गांधी, सुदेश बंसल, उषा, शकुंतला, राज व सोनिया आदि मौजूद रहे।

### गोशाला में इस्कॉन प्रचार समिति की हुई बैठक

**पानीपत।** पानीपत की जीटी रोड स्थित गोशाला में इस्कॉन प्रचार समिति की बैठक हुई। जिसमें इस्कॉन कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष साक्षी गोपाल दास ने सभी को बताया कि छब्बीस अप्रैल से दो मई तक शाम सात बजे से श्रीमद भागवत कथा का आयोजन होगा। इस अवसर पर इस्कॉन प्रचार समिति पानीपत के अध्यक्ष सुंदर लाल चुघ, आशु गुप्ता अशोक गोयल, सतीश गोयल, संजय, अरविंद सिंघल, मोहन बंसल, सतीश वोहरा, सतीश शर्मा, लक्ष्य वोहरा आदि मौजूद रहे।

## पौधे रोप कर मंत्री गोयल ग्रीन पानीपत मिशन का शुभारंभ किया

# पानीपत को जनभागीदारी से हरा-भरा शहर बनाएंगे: विपुल

- उद्यमी अपनी आय का दो प्रतिशत पर्यावरण संरक्षण पर खर्च करें, तीन सालों तक रोपे गए पौधे का संरक्षण करने पर सफल होगा मिशन ग्रीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** विधायक प्रमोद विज व भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, मंत्री विपुल गोयल का स्वागत करते हुए।

हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, शहरी स्थानीय निकाय एवं नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल ने ग्रीन पानीपत मिशन के तहत शुक्रवार को औद्योगिक सेक्टर-29 पार्ट-2 में पौधरोपण कर अभियान को नई गति प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं, निगम प्रशासन और विभिन्न सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसमें सभी वर्गों की भागीदारी अनिवार्य है।

उन्होंने औद्योगिक घरानों से विशेष अपील करते हुए कहा कि वे अपनी आय का कम से कम दो प्रतिशत हिस्सा पौधरोपण और पर्यावरण संरक्षण के कार्यों पर खर्च करने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि उद्योगों के सहयोग से यह अभियान और अधिक प्रभावी बन सकता है। मंत्री ने बताया कि पिछले 16 महीनों में पानीपत के विकास के लिए लगभग 500 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं, जिससे शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया गया है। मंत्री ने सामाजिक संस्थाओं और निगम प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने से ही इस अभियान को जल्द सफलता मिलेगी। मंत्री गोयल ने कहा कि पौधरोपण केवल एक दिन का कार्य नहीं है, बल्कि इसके संरक्षण और पोषण पर लगातार ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने सुझाव दिया कि लगाए गए पौधों की कम से कम तीन वर्षों तक नियमित देखभाल की जाए, ताकि वे पूर्ण विकसित हो सकें।

**ये मौजूद रहे**

यदि हम आज पौधों की देखभाल करेंगे तो आने वाली पीढ़ियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा और पूरा पानीपत स्वच्छ, हरित और प्रदूषण मुक्त शहर के रूप में विकसित होगा। उन्होंने सफाई अभियान की सफलता का उल्लेख करते हुए विश्वास जताया कि ग्रीन पानीपत मिशन भी उसी तरह सफल होगा। छोटे-छोटे पार्कों को विकसित कर उन्हें मिनी वन का रूप देने की भी बात कही, जिससे शहर में हरित क्षेत्र का विस्तार हो सके। इधर, विधायक प्रमोद विज ने कहा कि शहर के समग्र विकास के लिए विभिन्न योजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। इसअवसर पर मेयर कोमल सैनी, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, सांसद प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा, हरपाल ढांडा, निगम आयुक्त डॉ. पंकज, ग्रीन पानीपत मिशन के संयोजक संदीप जिंदल, चांद भाटिया, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह, महेश थरेजा, रामनिवास गुप्ता, रंजीता कौशिक, हरिओम तायल, पार्षद अशोक कटारिया, नवल जिंदल, कंवर रविंद्र, काकू बंसल, साहब रंगा, डॉ हेमा रमन आदि उपस्थित रहे।

### श्रमिकों की मौत पर दुख जताया

**पानीपत।** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन मजदूर संगठन सीटू जिला कमेटी की तरफ से सीटू राज्य सचिव का.सुनील दत्त, इंडस्ट्रियल वर्कर्स यूनियन प्रधान जय भगवान, सचिव रामकुमार यादव, कोषाध्यक्ष नवीन सपड़ा, अखिल भारतीय किसान सभा के जिला प्रधान डॉ.सुरेंद्र मलिक ने बैठक कर थाना सनौली क्षेत्र के गांव जलालपुर कुराड़ के पास मयूर कंबल टेक्सटाइल फैक्ट्री के अंदर केमिकल पानी के बने टैंक सफाई करने के दौरान दो युवा मजदूरों नितिन 18 वर्ष व शिवम 19 वर्ष की दर्दनाक हुई मौत की घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया।

## हादसे में दो गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया

पानीपत के गांव इसराना में एक तेज रफ्तार कार ने सडक किनारे खड़े ट्रक को टक्कर कर दी। टक्कर लगते ही कार मुड गई, इससे पीछे से आ रही बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक सवार सोनू निवासी रिशपुर जिला पानीपत व कार चालक अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री में मैकेनिकल कर्मचारी किशोर निवासी आंध्र प्रदेश घायल हो गए। दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इधर, पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस ने हत्यारोपी पकड़ा

पानीपत। सीआईए टू पुलिस टीम ने गोल गप्पे बेचने वाले अश्वनी की हत्या के तीसरे आरोपी हनुमान कॉलोनी निवासी गौरव को गिरफ्तार किया है।

थानेदार वीरेंद्र ने बताया कि गौरव ने डाबर कॉलोनी निवासी सगे भाइयों केशव व राजेश के साथ मिलकर अश्वनी की हत्या करना स्वीकारा है। वहीं, थाना किला में नंदकिशोर पुत्र तुलाराम की शिकायत पर केस दर्ज है।

## रिफाइनरी ने दिव्यांगजनों को मोटर चालित ट्राई साइकिलें भेंट की

- कार्यक्रम का आयोजन पानीपत रिफाइनरी की मिनी स्मार्ट सिटी के ओफिसेर्स क्लब में किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** रिफाइनरी प्रमुख एमएल डहरिया, दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिलें भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

पानीपत व करनाल जिले के आसपास के गांवों के जरूरतमंद दिव्यांगजनों की मदद करने हेतु इंडियन ऑयल की पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (पीआरपीसी) ने भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) के माध्यम से वर्ष 2025-26 के लिए कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत हुए समझौते के तहत शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में 96 मोटर चालित तिपहिया साइकिलों का वितरण किया। कार्यक्रम का आयोजन पानीपत रिफाइनरी की मिनी स्मार्ट सिटी के ओफिसेर्स क्लब में किया गया था। इधर, एमएल डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, (पीआरपीसी) ने ओमप्रकाश, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन), पीआरपीसी, संजय कुमार, महाप्रबंधक (मानव संसाधन), पीआरपीसी, विवेक शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक, (मानव संसाधन), हरमेश, जिला प्रशिक्षण अधिकारी, स्वपनेनदु कुमार रथ, एलिम्को की गरिमामयी उपस्थिति रही। इधर, पीआरपीसी ने एलिम्को को कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत लगभग 64.40 लाख रुपये इस प्रोजेक्ट के लिए प्रदान किए हैं। दूसरी ओर, एमएल डहरिया ने अपने संबोधन में कहा कि पीआरपीसी इंडियनऑयल के मूल मूल्य राष्ट्र-प्रथम संरक्षण एवं विश्वास के तहत आज इस नेक काम को किया है।

## डीएवी स्कूल में 101 कुंडीय हवन किया



**पानीपत।** डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में 101 कुंडीय हवन का सफल आयोजन किया। इस पावन अवसर पर डॉ कुलदीप अरोड़ा व इनकी धर्मपत्नी वीना अरोड़ा और पुलिस लाइन के सभी वरिष्ठ नागरिकों ने मुख्यातिथि रूप में शिरकत की। इधर, प्राचार्या सुमिता अरोड़ा ने सभी अतिथिगण का स्कूल परिसर में हार्दिक अभिनंदन किया। इस पावन अवसर पर स्कूल का सम्पूर्ण वातावरण शांति, सकारात्मकता एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो उठा। वहीं, यह विशेष आयोजन डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी, दिल्ली के अध्यक्ष आर्य रत्न पूनम सूरी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में समर्पित था। शिक्षा एवं संस्कारों के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान से प्रेरित होकर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## रबर फैक्ट्री ने ब्रह्माकुमारीज को स्वास्थ्य जागरूकता बस भेंट की

- मुख्य अतिथि एमएल डहरिया ने कहा कि स्वस्थ समाज का निर्माण समय की प्रमुख आवश्यकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** ब्रह्माकुमारी संस्था को बस भेंट करते रिफाइनरी प्रमुख एमएल डहरिया।

समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को ज्ञान मानसरोवर साधना केन्द्र आसन थिराना में समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इंडियन सिंथेटिक रबर प्राइवेट लिमिटेड पानीपत रिफाइनरी द्वारा अपने सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन ब्रह्माकुमारीज को स्वास्थ्य जागरूकता हेतु एक नवीन बस भेंट की गई तथा उसका विधिवत उद्घाटन संपंन हुआ। मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक पानीपत रिफाइनरी एमएल डहरिया, विशिष्ट अतिथि प्रबंध निदेशक आईएसआरपीएल के जयपाल तथा सम्मानित अतिथि मुख्य परिचालन अधिकारी सैम येन एवं मानव संसाधन एवं प्रशासन विभागाध्यक्ष मुकेश शर्मा उपस्थित रहे। रिफाइनरी के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा यह स्वास्थ्य जागरूकता बस निदेशक ज्ञान मानसरोवर साधना केन्द्र राजयोगी भारत भूषण तथा ब्रह्माकुमारी संस्था के निमित्त भाई बहनों को सौंपी। इधर, मुख्य अतिथि एमएल डहरिया ने कहा कि स्वस्थ समाज का निर्माण समय की प्रमुख आवश्यकता है।



## मंजूर हो चुके ऋण वितरित करें बैंक: डॉ. दहिया

- जिला स्तरीय बैंक समीक्षा बैठक में उपायुक्त सख्त, पेंडेंसी पर जीरो टॉलरेंस

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में जिला सचिवालय के सभागार में शुक्रवार को 124वीं जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं 144वीं जिला परामर्शदात्री समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में बैंकिंग योजनाओं, ऋण वितरण और सरकारी योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने मुख्य रूप से मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना पर बल दिया। डॉ. दहिया ने बैंकों द्वारा लंबित मामलों पर कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब किसी भी प्रकार की पेंडेंसी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त डॉ. दहिया ने निर्देश दिए कि जिन लाभार्थियों के ऋण स्वीकृत हो चुके हैं, उनका तत्काल वितरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले बैंक अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के आरोप सामाजिक वैमनस्य फैलाने वाले

- मुस्लिक राष्ट्रीय मंच आरएसएस नेता डॉ. इंद्रेश पर लगे आरोपों को कड़े शब्दों में निंदा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के इरफान खान, आदि। फोटो :हरिभूमि

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ नेता डॉ. इंद्रेश कुमार के विरुद्ध की गई अभद्र टिप्पणियों और सामाजिक वैमनस्य फैलाने वाले बयानों की कड़े शब्दों में निंदा की है। शुक्रवार को पानीपत स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच, हरियाणा के प्रदेश सह-संयोजक इमरान खान ने कहा कि शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा हाल ही सोशल मीडिया के माध्यम से देश में भेदभाव और तुष्टिकरण को बढ़ावा देने वाले बयान दिए जा रहे हैं। डॉ. इंद्रेश के संबंध में जो अभद्र और असत्य आरोप लगाए गए हैं, उनका वास्तविकता से कोई लेना-देना नहीं है। मानवता, देश, समाज के प्रति बहुत ही जिम्मेदारी के भाव से कार्य कर रहे डॉ इंद्रेश पर दुर्भावनापूर्ण टिप्पणियां समाज के आपसी सौहार्द और विश्वास को कमजोर करने का एक सोचा-समझा प्रयास हैं, जिन्हें राष्ट्रहित में स्वीकार नहीं किया जा सकता। खान ने कहा कि मुस्लिम राष्ट्रीय मंच सदैव राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ सामाजिक समरसता और भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए कार्य करता रहा है। संगठन का मुख्य उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को एकजुट कर देश की अखंडता को सुदृढ़ करना है। इन आरोपों का तथ्यात्मक खंडन करना इसलिए आवश्यक है, ताकि जनता के बीच किसी भी प्रकार की भ्रांति न रहे। मंच के अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि देश की एकता और अखंडता को बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

### आर्य कॉलेज में प्रतिवेदन लेखन कार्यशाला का शुभारंभ

## पेशेवर संचार में दक्ष हो विद्यार्थी: डॉ. सिंह

- कार्यशाला का आयोजन करने का उद्देश्य विद्यार्थियों में लेखन की क्षमताओं का विकास करना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** आईबी कॉलेज में अतिथियों के साथ दीप जला कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए डॉ. सतवीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

आईबी पीजी कॉलेज में अंग्रेजी विभाग की टैगोर समिति द्वारा प्रतिवेदन लेखन कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह के स्वागत एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। वहीं, प्राचार्य डॉ. सिंह, टैगोर समिति की संयोजिका डॉ. नीलम, विभाग के सभी सदस्यों व मंच संचालिका, टैगोर समिति की सदस्य बीए इंग्लिश ऑनर्स द्वितीय की छात्रा मानसी ने दीप प्रज्वलित किया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों में सटीक निर्णय लेने में सहायता, जटिल जानकारी का सरलीकरण, कार्य में पारदर्शिता, भविष्य के संदर्भ के लिए दस्तावेज़ीकरण, और पेशेवर संचार को प्रभावी बनाना शामिल है। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना था। इस कार्यक्रम में अनेक विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**करियर में आगे बढ़ने के लिए महत्वपूर्ण**

प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि यह कार्यशाला शोध और व्यावसायिक संदर्भों में रिपोर्ट लिखने के कौशल को निखारती है, जो करियर में आगे बढ़ने के लिए महत्वपूर्ण है और उन्होंने यह भी बताया कि आज के तकनीकी युग में इस तरह की कार्यशाला का आयोजन करने का उद्देश्य विद्यार्थियों में लेखन की क्षमताओं का विकास करना है। वहीं, अंग्रेजी विभागाध्यक्षा डॉ. नीलम ने बताया कि प्रतिवेदन लेखन किसी विषय पर विस्तृत रूप से लिखने की औपचारिक शैली है। इस अवसर पर शिक्षक दीप्ति शर्मा, डॉ राजेश कुमार, प्रो. डॉ. जोगेश आदि उपस्थित रहे।

**भक्ति** | भये प्रगट कृपाला महोत्सव का आयोजन किया

## राम नवमी महोत्सव में झूमे श्रद्धालु

- श्री राम बाल स्वरूप को झूला झूलाना आकर्षण रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** राम नवमी पर्व पर मंगलगीत गाते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

श्री राम सेवा दल नूरवाला युवा विंग व महिला विंग द्वारा 29वां रामनवमी पर शुक्रवार को भये प्रगट कृपाला महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें श्री राम बाल स्वरूप को झूला झूलाना आकर्षण रहा। वहीं हवन के साथ श्री राम जन्म कथा की संगीतमय अमृत वर्षा शर्मा म्यूजिकल गुरप द्वारा दीक्षा वधवा द्वारा की गई। जबकि श्रीराम धर्मशाला के प्रांगण में वंश चौधरी मैमोरियल फिजीयोथैरेपी सैंटर का शुभारंभ अभिलाष चौधरी ने किया। चौधरी परिवार ने शिवपुरी में वृक्षारोपण भी किया। इस फिजीयोथैरेपी सेंटर में डा.आयुषी सिंगला सेवाएं देंगी। प्रधान हरबंस आनंद ने अतिथियों आभार प्रकट करते हुए बताया कि फिजीयोथैरेपी सेंटर बिना किसी लाभ व हानि के चलाया जाएगा। मंच संचालन राकेश आंनद ने किया। इस अवसर पर प्रधान हरबंस आनंद, महासचिव गौरव छोकरा, कोषाध्यक्ष कृष्ण लाल मोंगिया, सुंदर लाल वधवा, भूषण मदान, गुलशन आनंद, सुभाष पुनानी, राजन छोकरा, डा.अनिल पाहवा, अविनाश ईशपुनानी, ब्रज भूषण ईशपुनानी, सौरव छोकरा, पुनीत छोकरा, पूर्ण भगत, रामसवरूप चावला आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## पौधे रोप कर उन्हें जवान करना मानवीय कर्तव्यः प्रो.दलजीत

- श्री राम नवमी पर राजकीय कॉलेज में शिक्षकों व विद्यार्थियों ने पौधे रोप कर श्रमदान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** रामनवमी पर पौधे रोपते हुए ग्रीनमैन प्रो .दलजीत व उनकी टीम।

देशबन्धु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय में इको क्लब के अंतर्गत राम नवमी के अवसर पर मेगा प्लांटेशन व सेवादान अभियान का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित इको क्लब के अध्यक्ष ग्रीनमैन असिस्टेंट प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि रामनवमी के पावन पर्व पर तकदीर सिंह, अनिल माली व इको क्लब के पर्यावरण प्रहरियों के साथ हर्बल बॉटनिकल गार्डन मे पौधारोपण और श्रमदान चलाया। स्वच्छता अभियान के तहत हर्बल गार्डन में सूखे पत्तों को उठाकर जैविक खाद केंद्र में डाला गया व पौधों की नुलाई-गुड़ाई व सफाई की गई। इसके साथ ही निम्बू, माल्टा, अमरूद, कटहल, साइक्स पाम, सहजन आदि के एक दर्जन से अधिक पौधे रोपित किए गए। ग्रीन मैन' प्रो. दलजीत ने कहा कि प्रकृति हमारी सबसे बड़ी धरोहर है और इसे सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है यदि हर व्यक्ति हर वर्ष कम से कम दो पौधे लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प ले, तो पर्यावरण से जुड़ी अनेक समस्याओं का समाधान संभव है।

महाविद्यालय के विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करके भविष्य के जागरूक पर्यावरण प्रहरी बनाकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना है।

## खबर संक्षेप

### रिजिनल राउंड का प्रशिक्षण आयोजित

**अंबाला।** आगामी जनगणना-2027 के प्रथम चरण यानि मकान सूचीकरण के कार्य को चार्ज स्तर के माध्यम से करवाने वाले जिले के सभी चार्ज अधिकारियों और उनके अधीनस्थ जनगणना से संबंधित सभी कर्मचारियों और तकनीकी ज्ञान रखने वाले कर्मचारियों का एक दिवसीय अंतिम रिजिनल राउंड का प्रशिक्षण अंबाला क्लब में शुक्रवार को आयोजित किया गया। इसमें चार्ज अधिकारियों सहित उनके अधीनस्थ कर्मचारियों ने भाग लिया। जनगणना निदेशालय से मंडलाधिकारी चंचल राजावत, जिला समन्वय अधिकारी जनगणना, विकास बजाज, जिला मास्टर ट्रेनर्ज रक्षा देवी भी यहां मौजूद रही।

### पर्यावरण संरक्षण पर एडीसी ने दिए निर्देश

**अंबाला।** अतिरिक्त उपायुक्त विराट ने शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित हवाई क्षेत्र पर्यावरण प्रबंधन समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए एयर फोर्स स्टेशन के आसपास साफ-सफाई एवं पर्यावरण प्रबंधन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम अंबाला छावनी विनेश कुमार, डीएसपी विजय कुमार तथा वायुसेना के उच्च अधिकारी उपस्थित रहे। अतिरिक्त उपायुक्त ने नगर निगम, वन विभाग, नगर परिषद व अन्य संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि हवाई सुरक्षा एवं पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए एयर फोर्स स्टेशन के आसपास नियमित साफ-सफाई, पेड़ों की ट्रिमिंग तथा अन्य सबंधी कार्यों के समुचित प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए।

### दो दिवसीय फिजियोथैरेपी शिविर का शुभारंभ

**अंबाला।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बलदेव नगर में समग्र शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों हेतु विशेष दो -दिवसीय फिजियोथैरेपी शिविर का शुभारंभ किया गया। यह शिविर जिला परियोजना समन्वयक सीमा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी सतबीर सिंह एवं प्रिंसिपल साहा प्रेरणा चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी सतबीर सिंह ने कहा कि ऐसे शिविर दिव्यांग बच्चों के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मई को

**अंबाला।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मई को किया जाएगा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीण ने बताया की लोगों के लंबित मामलों का निपटारा करने के लिए लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है। लोक अदालत में वैवाहिक, पारिवारिक विवाद, आपराधिक मामले, भूमि अधिग्रहण, श्रम विवाद, बैंक रिकवरी मामले, और पेंसन मामलों का निपटारा होगा।

### शिविर में 63 यूनिट रक्त एकत्रित किया

**उचाना।** बाबा फुल्ले साध गोशाला में रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र के साथ-साथ सड़क सुरक्षा का संदेश देते हुए हेलमेट भी दिए गए। 63 यूनिट रक्तदान शिविर में हुआ। गोशाला प्रबंधक अशोक ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी नहीं आती है बल्कि स्वस्थ व्यक्ति साल में चार बार रक्तदान कर सकता है। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान किसी की जान बचाने के काम आ सकता है। शिविर में युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया।

### वार्ड वाइज मतदाता सूची हुई प्रकाशित

**जींद।** जिला निर्वाचक अधिकारी सत्यवान सिंह मान ने बताया कि हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियमावली के तहत उपचुनाव हेतु राज्य चुनाव आयोग द्वारा विगत 12 सितंबर 2024 को प्रकाशित विधानसभा मतदाता सूची नियमानुसार जींद खंड की ग्राम पंचायत चाबरी, मनोहरपुर, ललित खेड़ा, राजपुरा, ईक्कस व कर्मगढ की वार्ड वाईज सूची का अंतिम प्रकाशन आज कर किया गया है।

## रोज 56 सिलेंडरों की होगी सप्लाई, 45 दिन के बाद दोबारा हो सकेगी बुकिंग

एलपीजी के लिए एचएलआईडीसी गैस एजेंसी में हुआ जमकर हंगामा

# रसोई गैस के लिए हाहाकार, सुबह चार बजे से लाइन में लगने के बावजूद नहीं मिल रहा सिलेंडर





सिलेंडर के लिए मैनेजर से बहस करते लोग व लगी लाइन का दृश्य।

- एजेंसी मैनेजर के साथ हुई ग्रामीणों की जमकर बहस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

कस्बे में इन दिनों रसोई गैस की भारी किल्लत के चलते उपभोक्ताओं में भारी रोष है। हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि लोग सुबह 4 बजे से ही लाइनों में लग जाते हैं लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी उन्हें खाली हाथ वापस लौटना पड़ रहा है। ऐसे ही हालात शुक्रवार को भी देखने को मिले। लोग सुबह से ही लाइन में लग गए। परन्तु गैस सिलेंडर की सप्लाई नही आई। इसकी वजह से लोगों में रोष बढ़ गया। मौके पर पहुंचे एचएलआईडीसी गैस एजेंसी के मैनेजर कर्मवीर के साथ लोगों की जमकर बहस हुई। मैनेजर ने लोगों को समझाया और बुकिंग शुरू की।

### बुकिंग नंबर आने के बावजूद लोगों को नहीं मिल रहा डिलीवरी मैसेज

#### मैसेज आया पर सिलेंडर नहीं मिला

नारायणगढ़ स्थित एचएलआरडीसी गैस एजेंसी से जुड़े उपभोक्ताओं ने गंभीर आरोप लगाए हैं। यहां के रहने वाले श्याम लाल, पुरुषोत्तम, सतपाल का कहना है कि उनके रजिस्टर्ड मोबाइल से सिलेंडर बुक करने और बुकिंग नंबर आने के बाद, कई लोगों को 'सिलेंडर डिलीवर' होने का मैसेज भी मिल गया जबकि उन्हें सिलेंडर मिला ही नहीं। उपभोक्ताओं ने सवाल उठाया है कि यदि उन्हें सिलेंडर नहीं दिया गया तो कागजों में वह किसे डिलीवर दिखाया गया? शहजादपुर में नियमित सप्लाई न होने के कारण लोगों को मजबूरन नारायणगढ़ जाकर घंटों लाइन लगानी पड़ रही हैं।

#### हंगामे के बाद मैनेजर ने दिया स्पष्टीकरण

शुक्रवार को जब 5-6 घंटे इंतजार के बाद भी सप्लाई नहीं पहुंची तो लोगों का धैर्य जवाब दे गया। मौके पर पहुंचे एजेंसी मैनेजर कर्मवीर और अन्य कर्मचारियों को जनता के गुस्से का सामना करना पड़ा। काफी देर तक चली बहस के बाद मैनेजर ने स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने बताया कि कंपनी से सप्लाई कम आने के कारण दिक्कत हो रही है। अब प्रतिदिन शहजादपुर में 56 सिलेंडरों की एक खेप भेजी जाएगी। सभी की बुकिंग कर पर्ची दी जा रही है ताकि कल प्राथमिकता के आधार पर वितरण हो सके।

#### नियमों में बदलाव और एजेंसी की अपील

बढ़ती किल्लत को देखते हुए एजेंसी ने कुछ नए नियम और व्यवस्थाएं लागू की हैं। उन्होंने बताया कि एक बार में केवल 56 सिलेंडर ही बांटे जाएंगे। जो लोग लाइन में शेष रह जाएंगे, उन्हें अगले दिन की सप्लाई में प्राथमिकता दी जाएगी। एक बार सिलेंडर मिलने के बाद उपभोक्ता की अगली बुकिंग अब 45 दिन के अंतराल पर ही हो सकेगी। मैनेजर ने उपभोक्ताओं से शांति बनाए रखने और वितरण प्रणाली में सहयोग करने की अपील की है। मात्र 56 सिलेंडरों के बाद से ही कस्बे में तनाव की स्थिति है। अब देखना यह है कि एजेंसी द्वारा दिया गया 'प्रतिदिन सप्लाई' का आश्वासन उपभोक्ताओं को कितनी राहत पहुंचा पाता है या नहीं।

## गैस किल्लत से ग्रामीण बेहाल एजेंसी से लौट रहे खाली हाथ

- गैस एजेंसी की कार्यप्रणाली पर ग्रामीणों ने जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर से सटे जलबेड़ा गांव में एलपीजी गैस की किल्लत से उपभोक्ता बेहाल हैं। बीते रोज गैस एजेंसी की गाड़ी ग्रामीणों को आश्वासन देकर भी खाली हाथ लौटा गई। सुबह 9 बजे से कतार में लगे उपभोक्ताओं को देर शाम अंधेरा होने पर बिना सिलिंडर लिए ही घर वापस जाना पड़ा। एजेंसी की इस कार्यप्रणाली से ग्रामीणों में भारी रोष है। दो दिन पहले भी कई उपभोक्ताओं को गैस सिलिंडर नहीं मिले थे, इसके कारण उन्होंने एजेंसी पर विरोध प्रदर्शन किया था, इसके बाद खाली सिलिंडर लेकर वह उपायुक्त कार्यालय पहुंच गए थे। ग्रामीण जरनैल सिंह, अंग्रेज सिंह और सुमन देवी ने बताया कि वे सुबह 9 बजे ही निर्धारित स्थान पर सिलिंडर लेकर पहुंच गए थे। दोपहर 2 बजे तक गाड़ी नहीं आई। उपभोक्ताओं ने जब ड्राइवर और एजेंसी को फोन किया, तो वहां से कोई जवाब नहीं मिला। दोपहर बाद गाड़ी गांव पहुंची, लेकिन चालक ने भानोखेड़ी गांव में सप्लाई देने की बात कही। इसी उम्मीद में उपभोक्ता शाम तक डटे रहे, लेकिन गाड़ी वापस नहीं आई।

#### ग्रामीण परेशान

उपभोक्ता गुलाब सिंह और जोगिंद्रो ने बताया कि सिलिंडर बुक कराए पांच दिन बीत चुके हैं। गैस न मिलने से घरों में चूल्हा जलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन के सख्त निर्देश के बावजूद एजेंसी समय पर सप्लाई नहीं दे रही है। दूसरी ओर एचपी गैस एजेंसी के कर्मचारी का कहना है कि बुकिंग के सात दिन के भीतर गैस की आपूर्ति की जाती है। हालांकि, ग्रामीण अन्य एजेंसियों की सेवा को बेहतर बताते हुए इस एजेंसी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं। उपभोक्ताओं ने जिला प्रशासन से मांग की है कि गैस वितरण व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए ताकि उन्हें बार-बार परेशानी न झेलनी पड़े।

## संत फकीरदास महाराज की मूर्ति का होगा अनावरण

- तंदवाली स्थित डेरा बेगमपुरा में 2 को आयोजित होगा समागम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा



बराड़ा। बैठक में भाग लेते हुए समाज के लोग। *फोटो : हरिभूमि*

गांव तंदवाली स्थित डेरा बेगमपुरा में 2 अप्रैल को रविदासिया धर्म को समर्पित विशाल एवं भव्य संत समागम का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन संत श्री बैसाखी दास उदासीन मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से किया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर हाल ही में एक बैठक आयोजित की गई। डेरा बेगमपुरा तंदवाली के गद्दीनशीन संत श्री 108 संत सोमदास उदासीन महाराज ने बताया कि यह समागम संत श्री 108 संत फकीरदास उदासीन महाराज की पुण्य स्मृति में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में डेरा सचखंड बल्लां के गद्दीनशीन संत पद्मश्री संत निरंजन दास महाराज मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। यहां वे संत फकीरदास जी की मूर्ति का अनावरण करेंगे। समागम की अध्यक्षता संत धर्मदास लाडवा दरबार करेंगे जबकि पूर्व विधायक लहरी सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

#### ये रहे मौजूद

अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संत मनदीप दास मुख्य वक्ता के रूप में संगत को गुरुवाणी से निहाल करेंगे। कीर्तनी जत्थे सत्संग के माध्यम से गुरु रविदास की वाणी का प्रचार-प्रसार करेंगे। संत सोमदास के अनुसार 2 अप्रैल को प्रातः 4 बजे से अमृतवाणी पाठ शुरू होंगे जिसका भोग सुबह 8 बजे डाला जाएगा। इसके उपरांत सत्संग एवं प्रवचन आयोजित किए जाएंगे। संगत के लिए जलपान और अटूट भंडारे की भी व्यवस्था की गई है। बैठक में प्रधान ईश्वर पाल कुशली, हरकेश कुमार देवधर, जसमेर सिंह कलालटी, बचननदास खेड़वा, जीतराम, जसपाल, अजय कुमार, गेंदचंद, हरकेश आदि रहे।

## कार्यशाला में भारत की विदेश नीति से विद्यार्थियों को करवाया अवगत

- राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित हुई संगोष्ठी
- अंतरराष्ट्रीय संबंध विषय पर हुई दो दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

राजकीय महिला महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा 'अंतरराष्ट्रीय संबंध' विषय पर एक दो दिवसीय संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। संगोष्ठी का आयोजन राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. वनिता शर्मा के कुशल नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कश्मीर सिंह छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए अपने वक्तव्य में अंतरराष्ट्रीय संबंधों के महत्व पर प्रकाश डाला।इस दो दिवसीय संगोष्ठी में महाविद्यालय की लगभग 60 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान अंतरराष्ट्रीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं जैसे वैश्विक राजनीति, भारत की विदेश नीति, संयुक्त राष्ट्र की भूमिका, तथा समसामयिक अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। छात्राओं ने भी सक्रिय रूप से प्रश्न पूछे और अपने विचार व्यक्त किए।

प्रो. वनिता शर्मा ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्राओं में राजनीति विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने और उन्हें समसामयिक वैश्विक घटनाओं से जोड़ने में सहायक सिद्ध होते हैं। संगोष्ठी के समापन पर सभी प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम की सफलता में राजनीति विज्ञान विभाग के अन्य शिक्षकों तथा छात्राओं का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## संपत्ति कर न देने वाले बकायेदारों के खिलाफ बोर्ड करेगा सख्त कार्रवाई

- संपति कर जमा न करने वाले पंद्रह के खिलाफ जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

संपत्ति कर ने देने वाले बड़े बकायेदारों के खिलाफ कैंटोनमेंट बोर्ड ने अब सख्त कार्रवाई करने का फैसला किया है। बोर्ड ने तीन बार नोटिस और रिमाइंडर भेजने के बाद भी टैक्स जमा न कराने वाले 15 बड़े बकायेदारों की सूची जारी कर दी है। अब इन बकायेदारों के नाम सेना अस्पताल के पास लगी बड़ी स्क्रीन पर सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किए जाएंगे। वहीं, बोर्ड ने चेताया है कि अगर बकायेदारों ने दो दिन के अंदर लंबित संपत्ति कर नहीं जमा करवाया तो इनके खिलाफ आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। कैंटोनमेंट बोर्ड के रिकॉर्ड के अनुसार, इन 15 डिफाल्टरों पर बोर्ड का लगभग 30 लाख रुपये का संपत्ति कर बकाया है। बोर्ड अधिकारियों का कहना है कि बकाया वसूली के लिए संबंधित पक्षों को रिमाइंडर भेजे गए, लेकिन उनकी ओर से टैक्स जमा करने में कोई रुचि नहीं दिखाई गई। बार-बार की अनदेखी के बाद अब बोर्ड ने अंतिम नोटिस जारी किया है।

#### सामाजिक रूप से झेलनी पड़ सकती है शर्मिंदगी

बोर्ड के फैसले के मुताबिक, बकायेदारोंको सामाजिक रूप से शर्मिंदगी झेलनी पड़ सकती है, क्योंकि उनके नाम शहर के व्यस्ततम इलाके सेना अस्पताल के पास वाली स्क्रीन पर प्रदर्शित होंगे। इसके साथ ही, बोर्ड की टीम जल्द ही फील्ड में उतरकर इन बकायेदारों के बिजली और पानी के कनेक्शन काटने की कार्रवाई शुरू करेगी। यदि इसके बाद भी भुगतान नहीं किया गया, तो संबंधित संपत्तियों को सील करने की प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। कैंटोनमेंट बोर्ड के अधीन जिन संपत्तियों पर लाखों रुपये का संपत्ति कर बकाया है। वो संपत्तियां बोर्ड के पॉश क्षेत्र में स्थित हैं। इसके अलावा एलन बाइलाइन, बैंक रोड, अलेक्जेंडर रोड, आरएचए बाजार व शहजादा मंडी के क्षेत्र शामिल हैं।

## तकनीकी कार्यक्रमों में भाग लें छात्रः सीमा

- एमडीएसडी कॉलेज में एएल ह्यूमैनिटी विषय पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। वर्चुअल वैश्विक कार्यक्रम में हिस्सेदारी करते छात्र।

अंबाला शहर के एमडीएसडी कॉलेज के विद्यार्थियों ने एनउीएलआई क्लब द्वारा आयोजित एएल फॉर ह्यूमैनिटी विषय पर वर्चुअल वैश्विक कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक एवं पूर्ण सक्रियता के साथ भाग लिया। यह कार्यक्रम कृत्रिम बुद्धिमत्ता के मानव जीवन में उपयोग और उसके सकारात्मक प्रभावों पर केंद्रित था। यह कार्यक्रम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सीमा सिंघल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने इस ज्ञानवर्धक सत्र में गहरी रुचि दिखाई और नई तकनीकों के प्रति अपनी समझ को विकसित किया। सभी ने विद्यार्थियों को ऐसे शैक्षणिक एवं तकनीकी कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज के एनउीएलआई क्लब की अध्यक्ष एंव लाईब्रेरीयन डॉ. कौशल चौहान ने विद्यार्थियों को क्लब से जुड़ने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने समझाया कि छात्र कलब की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपने संस्थान के यूनिक पास्के के माध्यम से स्वयं को रजिस्टर कर सकते हैं।

#### एनडीएलसी से प्राप्त कर सकते हैं सर्टिफिकेट

उन्होंने बताया कि विद्यार्थी एनडीएलआई पोर्टल पर लॉगिन करके इवेंट सेक्शन में जाकर विभिन्न कार्यक्रमों में भाग ले सकते हैं किसी भी इवेंट में शामिल होने से पहले चेक एलिजीबिल्टी और पार्टीसिपेट बटन पर क्लिक करना आवश्यक है। कार्यक्रम पूर्ण होने के बाद विद्यार्थी अपने एनडीएलआई अकाउंट से सहभागिता सर्टीफिकेट आसानी से डाउनलोड कर सकते हैं।

### ग्रामीणों ने भी बिजली, फैमिली आईडी व पक्के मकान बनाने का किया आग्रह

## खतौली में हुआ रात्रि ठहराव कार्यक्रम, ग्रामीणों ने सफाई व्यवस्था की उठाई मांग

*अधिकारियों ने लोगों को सरकार से जुड़ी योजनाओं की दी जानकारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला





अंबाला। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याएं सुनते एसडीएम व मौजूद ग्रामीण। *फोटो : हरिभूमि*

उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में गांव खतौली में रात्रि ठहराव का आयोजन किया गया। रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान एसडीएम अंबाला छावनी विनेश कुमार व सीईओ जिला परिषद गगनदीप ने खतौली के साथ-साथ अन्य आस-पास गांव से आए ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने का काम किया और अधिकारियों को समस्याएं मार्क करते हुए उनका निवारण करने के निर्देश दिए। गांव खतौली के सामुदायिक केंद्र में रात्रि ठहराव कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए जिसमें कर्मचारियों ने गांववासियों को अपने विभागों से योजनाओं की सम्पूर्ण जानकारी दी और ग्रामीणों ने भी इन योजनाओं का भरपुर लाभ उठाया।

#### ग्रामीणों ने रखी समस्याएं

कार्यक्रम के दौरान गांव की सरपंच कमलजीत कौर, पंच काका सिंह व सरपंच प्रतिनिधि गुरजंट सिंह ने एसडीएम विनेश कुमार व सीईओ जिला परिषद गगनदीप को यहां पहुंचने पर पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। सरपंच कमलजीत कौर ने गांव में सफाई व्यवस्था के दृष्टिगत सफाई कर्मचारी नियुक्त करने बारे व कुडा-कर्कट के निस्तारण के लिए ई-रिक्शा बारे व अन्य समस्याएं गांव की ओर से एसडीएम व जिला परिषद सीईओ के समक्ष रखी। इसके अलावा अन्य ग्रामीणों में जिनमें मनजीत कौर, महिंद्रो देवी, सविता, जय कौर, गुड्डी देवी, आशा रानी ने सरकारी योजना के तहत कच्चे मकान को पक्का करवाने बारे, जमेरो देवी ने बिजली बिल की समस्या रखी, बनारसी दास ने बुढापा पेंशन, जसमेरो ने राशन कार्ड बनवाने को लेकर, प्रवीन ने बिजली बिल ठीक करवाने बारे, स्वर्ण राम ने बिजली मीटर लगवाने बारे, गगनप्रीत सिंह ने खेतों में लाईट ठीक करवाने बारे अपनी समस्या रखी।

#### कार्रवाई के दिए निर्देश

एसडीएम व सीईओ जिला परिषद ने सभी समस्याओं को क्रमवार सुनते हुए सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को जल्द कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशासन का उद्धेश्य गांव-गांव जाकर आमजन की समस्याओं का समाधान करना है। रात्रि ठहराव कार्यक्रम इसी दिशा में सरकार की एक प्रभावी पहल है, जिससे लोगों को प्रशासन तक सीधी पहुंच मिलती है। एसडीएम व सीईओ ने सरकार की योजनाओं से संबंधी विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पंहुचाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता में है। सभी विभाग संबंधी लोगों जन हितैषी योजनाओं बारें जागरूक करें। इस मौके पर कार्यकारी अभियंता पंचायती राज साहिल शर्मा, बीडीपीओ अश्वनी, एसडीओ जयदेव, सरपंच कमलजीत कौर, प्रतिनिधि गुरजंट सिंह, पंच काका राम आदि मौजूद रहे।